
DEEPER LEARNING COMICS
an initiative of DLIPL
ISSUE 03-eHI
DABUNG GIRL
TECHNICAL PARTNER
SATYARTHI
KAILASH SATYARTHI CHILDREN'S FOUNDATION
दबंग गर्ल और मुस्कान की मुस्कान
DRAFT


एक दिन अंतरिक्ष से आये कुछ अजनबी भारत की मशहूर वैज्ञानिका को उठा ले गए... अनजाने में वो उनकी दोनों बेटियों को भी ले गए... कोई नहीं जानता क्यों!
इस घटना के कुछ साल बाद, एक रात आसमान में एक अलग तरह की रौशनी देखी गयी
उसी रात एक दूसरी दुनिया का विमान, दोनों बेटियों को उनके पिताजी के पास तड़कापुर में वापस ले आता है... लेकिन उस वैज्ञानिका का आज भी कोई पता नहीं है...
TADKAPUR
उन दोनों लड़कियों में से एक है दबंग गर्ल...

# आपके पसंदीदा दोस्त!

## मिलिए दबंग गर्ल से, एक सुपरहीरो, जो अपने दोस्तों की मदद के लिए हमेशा तैयार है



**शक्ति #1 - नैनो खिंचाव**

अपने शरीर को लम्बा करके
वो तुरंत दूर-दूर तक पहुँच सकती है

**शक्ति #2 - सुपर न्यूरॉन्स**

वो अपने दिल और दिमाग दोनों को 100%
क्षमता पे इस्तेमाल कर सकती है



**तारा** - एक समझदार लड़की, जो असल में दबंग गर्ल है



**मुस्कान** - एक हंसमुख लड़की, जिसे सवाल पूछना बहुत पसंद है



**चिंटू** - एक भावुक लड़का, जिसे शायरी करना पसंद है



**नैना** - गणित और खेल में सबसे आगे, एक हरफन मौला लड़की



दबंग गर्ल
और
मुस्कान की मुस्कान
CITY SCHOOL
स्कूल के बाहर...
दो दिन से मुस्कान स्कूल नहीं आई
लेकिन वह तो शायद ही कभी छुट्टी लेती है
उसकी परीक्षा की कॉपी भी मेरे पास है...
विज्ञान में इतने कम अंक?
पर विज्ञान तो मुस्कान का सबसे पसंदीदा विषय है!
चलो उसके घर जा के देखते हैं


मुस्कान के घर पे...
बच्चों, मुस्कान के पेट में दर्द है... वह आज खेल नहीं पायेगी
कोई बात नहीं आंटी, यह कॉपी उसे दे दीजियेगा
एक हफ्ते बाद पार्क में...
अच्छा, यह बताओ,
ऐसी कौन सी चीज़ है जो हमेशा बढ़ती तो है, लेकिन कभी कम नहीं होती?
ये तो मुश्किल लग रहा है!
अहा... मुझे आ गया, जवाब है
चिन्टू की पहेलियाँ!


हा!
हा!
हा!
हा!
मुस्कान पास से गुज़रती है...
मुस्कान! मुस्कान!
रुको तो... थोड़ी देर खेलते हैं!
नहीं, आज नहीं... फिर कभी
मुस्कान चली जाती है...
मुस्कान आज कल बड़ी बदली-बदली सी लग रही है
हम्म... पता लगाना होगा बात क्या है!



कुछ देर बाद...
यह रेस तो मेरी नाव ही जीतेगी!
लेकिन तुमने तो हवाई जहाज़ बनाया है?
क्यूंकि मेरी नाव उड़ के जाएगी!
हा!
हा!
हा!
बच्चों के सत्या अंकल, जो एक समाज सेवक हैं, तभी वहां पर पहुँचते हैं...
ये लो बच्चों भेलपूरी खाओ
अरे तुम्हारी चौकड़ी में तो एक कम है। मुस्कान कहाँ है?
मुस्कान बहुत दिनों से अलग-अलग ही रहती है


स्कूल भी कम आती है... कहती है तबियत ठीक नहीं
अचानक काफी बदल सी गयी है
ये तो बड़ी अजीब बात है


तारा अकेले सोचते हुए...
कुछ तो गड़बड़ है... कहीं मुस्कान कुछ छुपा तो नहीं रही?
मुझे पता करना होगा मुस्कान को क्या परेशानी है
दबंग गर्ल बनना होगा!


जब मुश्किल हो घड़ी,
दबंग गर्ल है दोस्तों के साथ खड़ी!
फ़्लूम!!!


आई रे, आई रे,
दबंग गर्ल आई रे!


दबंग गर्ल को मुस्कान सड़क पर दिखती है...
ज़रा छुप के देखती हूँ मुस्कान कहाँ जा रही है
मुस्कान अपने मामा, बाबू, के घर के सामने रुकी है...
मुस्कान आओ, टीवी पे कार्टून आ रहा है
नहीं मामा जी, मुझे घर जाना है... माँ ने ये हलवा भिजवाया है
अरे, पहले अंदर आ के टॉफी खाओ... चलो अंदर!
जी


मुस्कान तो डरी हुई लग रही है! कुछ गड़बड़ है
दबंग गर्ल अपनी शक्ति का प्रयोग करती है... लंबी होकर अंदर देखती है...
यह टॉफी चाहिए? तो आओ मेरी गोद में आके बैठो
नहीं मामा जी, मैं इधर ही ठीक हूँ



मैंने कहा ना, इधर आओ!
ज...ज...जी आती हूँ...
मुस्कान तो खतरे में है...यह दरवाज़ा खटखटाती हूँ
ठक! ठक! ठक!
अरे... ओह... इस वक़्त.. कौन आ गया?
चल मुस्कान छुप जा!
जैसे ही बाबू घर का दरवाज़ा खोलता है, मुस्कान अपने घर की तरफ भागती है...


मुस्कान के पीछे भागती हुई दबंग गर्ल...
आखिर वो आवाज़ किसने की?
मुस्कान दुबक के अपने घर के एक कमरे में...
दबंग गर्ल पहुँचती है...
डरो मत मुस्कान, मैं हूँ, दबंग गर्ल
तुम क्यों आई? सब ठीक है यहाँ
मैं समझ गयी की वह बाबू ठीक नहीं... तुम मुझसे सब बोल सकती हो
नहीं, वो मेरे मामा हैं... वो तो मुझे टॉफी देते हैं, टीवी दिखाते हैं
तो तुम घबरायी क्यों हो मुस्कान?


मुस्कान ज़ोर-ज़ोर से रोने लगती है...
वो मुझे खेलने के लिए ले जाते हैं, और फिर जगह जगह छूने लगते हैं...
गन्दी फोटो दिखाते हैं... लेकिन गलती तो मेरी है ना... मैं क्यों गयी थी, टॉफी भी ली
मुस्कान, यह उस आदमी की गलती है, तुम्हारी नहीं
अब हम साथ में उसको सबक सिखाएंगे, बस मेरी बात सुनो अब...

सत्या अंकल के ऑफिस जाके दबंग गर्ल सब बताती है...







दबंग गर्ल और सत्या अंकल मुस्कान के घर पे...




यह हमारे घर का मामला है, और हमारा घर हमारी ज़िम्मेदारी है
आप जाइये यहाँ से
क्या बच्चों की सुरक्षा बड़ों की ज़िम्मेदारी नहीं?
बेटी, तुमने ये क्या किया...
आप यह सवाल मुस्कान से क्यों पूछ रहीं हैं? गलती उस आदमी की है!
और हम उसको सज़ा दिलवाएंगे...



याद रहे, शर्म उस अपराधी को आनी चाहिए, इस मासूम को नहीं
बस करो यह नौटंकी... मेरी बेटी को मैं सम्भाल लूंगा, निकलो यहाँ से
अगर आप नहीं मानेंगे, तो मैं चाइल्ड हेल्पलाइन को फ़ोन करके बता दूँगी
और मैं थाने जाके शिकायत दर्ज करवाता हूँ


मैं करूँ तो क्या करूँ!
पोक्सो एक्ट के तहत हर बच्चे की सुरक्षा पुलिस, कानून और समाज की ज़िम्मेदारी है
आप पहले तो तुरन्त पुलिस में शिकायत दर्ज करिये...
और साथ ही साथ 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पे फ़ोन करके मुस्कान के लिए काउन्सलर बुलाइये


सही कहा तुम लोगों ने, मैं तुरंत पुलिस को बताता हूँ
पुलिस के आने तक उस बाबू को मैं देखती हूँ


दबंग गर्ल बाबू के घर के पास छुप के देखती है...
बेटा, आओ अंदर आओ... टॉफी दूंगा
ठीक है, अंकल!
दबंग गर्ल वहाँ पर पहुंचती है...
बाबू!
बेटी तुम्हारा नाम क्या है? कुछ खेलोगी!


हाँ, वो पुलिस को बुलाया है! वो आ जाए फिर पकड़म पकड़ाई खेलेंगे
प... प... पुलिस? भला वो क्यों?
तुमको क्या लगता है, क्यों  बुलाया होगा?
अरे! यह क्या! तुम... तुम हो कौन आखिर?


तुम्हारा सबसे बड़ा खौफ!
दबंग गर्ल!
बाबू दुम दबा के भागता है...
कानून के हाथ लंबे,
और मेरी पूरी बॉडी  इलास्टिक!
दोनों से कहाँ भागोगे


दबंग गर्ल लम्बी हो कर...
बाबू को धूल चटाती है...


बाबू दबंग गर्ल की आँख में मिट्टी फेंकता है...
बाबू भाग जाता है...
मुझे तो कुछ दिख नहीं रहा! कहाँ भाग गया ये?
तभी सत्या अंकल भागते-भागते पहुँचते हैं...
तुम ठीक तो हो दबंग गर्ल?
हाँ मैं ठीक हूँ!
न जाने कहाँ भाग गया ये बाबू?


या तो बस स्टैंड गया होगा, या रेलवे स्टेशन
दबंग गर्ल बस स्टैंड पहुँचती है...


STATION
CITY BUS
CITY BUS


TICKETS
अरे, वो तो यहाँ नहीं है। रेलवे स्टेशन पे देखती हूँ...
रेलवे स्टेशन पे ट्रेन में...
TADKAPUR STATION
जान बची तो लाखों पाये...


और लौट के बुद्धू घर को आये, यानि की थाने!
अरे कोई उतारो मुझे यहाँ से!!!
पुलिस और सत्या अंकल पहुँचते हैं...


मैं हूँ बदमाशों का काल,
नाम है फिरारी लाल
बाबू, चल अब थाने!
जेल की हवा खाने!



अगले दिन पेड़ के नीचे...
बच्चों, तुमने बहुत अच्छा किया ये ध्यान दे के की तुम्हारी दोस्त कुछ बदली-बदली दिख रही थी
अब क्या होगा मुस्कान का?
वो जल्दी ही स्कूल वापस आएगी!
कॉउंसलर आंटी उससे बात करके उसे समझा रही हैं की वो परेशान ना हो


हम मुस्कान की मदद कैसे कर सकते हैं?
ये तो बड़ा अच्छा सवाल है, तुम उसको ज्यादा सवाल मत पूछना... उसे समय देना इस घटना से उभरने के लिए, वापस पहले जैसे होने के लिए
अगर वो तुमसे बात करना चाहे तो आराम से सुनना, ऐसे में दोस्त का साथ बहुत ज़रूरी है


और बाबू का क्या होगा?


कोर्ट में उसके ऊपर कार्यवाही चलेगी और सज़ा भी होगी


याद रहे, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) और पुलिस (100) तक हम में से कोई भी जा सकता है
ये तो बहुत ज़रूरी जानकारी है! धन्यवाद सत्या अंकल!
और हाँ  चिंटू, तुम्हारी पहेली का जवाब है "उम्र"... वो हमेशा बढ़ती है, और कभी कम नहीं होती है!
?
लेकिन, तुमको कैसे पता मेरी पहेली?
क्यूंकि दबंग गर्ल सब जानती है!
हा!
हा!
हा!


बहुत ही जल्द, मुस्कान फिर से
अपने दोस्तों के साथ पहली जैसी खुश!

## बाल यौन शोषण क्या है?

बाल यौन शोषण बच्चों के अधिकारों का घोर उल्लंघन है। यह तब होता है, जब कोई वयस्क निम्नलिखित में से किसी भी कार्य के माध्यम से आपको असहज या परेशान करता है –

- आपके निजी भागों को छूना
- आपको अपने निजी भागों को छूने के लिए कहना
- ऐसी तस्वीरें या वीडियो दिखाना, जो आपको असहज महसूस करवाएँ
- आपको अपनी फ़ोटो या वीडियो ऑनलाइन भेजने के लिए कहना
- आपको फोन कॉल, संदेश, ईमेल आदि के माध्यम से ब्लैकमेल करना
- आप का पीछा करना/घूरना, जो आपको असहज करता है और डराता है

यह घरों, संस्थानों, स्कूलों, ट्यूशनों, कार्यस्थलों, यात्रा और पर्यटन की सुविधाओं के दौरान, ऑनलाइन, समुदायों के भीतर और किसी भी अन्य स्थान पर हो सकता है। यह लड़कियों और लड़कों के साथ हो सकता है। यह वयस्क पुरुष या महिला द्वारा किया जा सकता है।

## कैसे पहचानेंगे कि आपका दोस्त इन समस्याओं का सामना कर रहा है?

- चिंतित, परेशान, बैचेन या गुस्से में दिखना
- खुद को परिवार के सदस्यों, दोस्तों और सामाजिक जीवन से दूर कर लेना या अलग होना
- स्कूल या सामाजिक समारोहों से बचना
- स्कूल में अचानक खराब प्रदर्शन
- भूख खत्म हो जाना या खाने की आदतों में बदलाव, लंच न करना
- नींद की समस्या, बुरे सपने, रात में बिस्तर गीला करना
- मिजाज बदलते रहना, अवसाद, सांस की तकलीफ
- कंप्यूटर या सेलफोन का उपयोग करते समय डरना
- तुरंत मिले संदेश, टेक्स्ट या ईमेल मिलने पर घबरा जाना

यदि आपके दोस्त में ऊपर बताए गए संकेतों में से कुछ लक्षण दिख रहे हैं, तो उसके बारे में अपने दोस्त के साथ खुलकर बातचीत करने की कोशिश करें। यदि आपका दोस्त आपको बताता है कि उसके साथ यौन दुर्व्यवहार हुआ है, तो अपने दोस्त की मदद करें और इसके बारे में किसी भरोसेमंद वयस्क को बताएं।

## भारत में बाल यौन शोषण से संबंधित कानून कौन से हैं?

- लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो), 2012
- किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015

## बाल यौन शोषण के संबंध में शिकायत कहाँ दर्ज करें?

यदि आपको कभी लगता है कि आपके या आपके किसी मित्र के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है, तो आप निम्नलिखित स्थानों पर भी रिपोर्ट कर सकते हैं -

- पुलिस स्टेशन (100 पर कॉल करें)
- चाइल्ड लाइन (1098 पर कॉल करें)
- बचपन बचाओ आंदोलन की शिकायत सेल (1800-102-7222 पर कॉल करें)
- साइबर क्राइम पोर्टल (cybercrime.gov.in पर जाएं)
- पोक्सो ई-बॉक्स (1800115455 पर कॉल करें या https://ncpcr.gov.in/ पर जाएं)

# बच्चों के मन की बात

हेलो दोस्तों... क़वूम!!!

मैंने इस संस्करण में एक महत्वपूर्ण घटना का ज़िक्र किया है। लड़कियाँ और लड़के, दोनो ही के साथ ऐसी घटनाएँ हो सकती हैं। एक बच्चे के रूप में आपको स्वतंत्र, सुरक्षित, शिक्षित और स्वस्थ जीवन जीने का पूरा अधिकार है! नीचे दिए गयी चीज़ें आपके साथ कोई भी नहीं कर सकता है:

- आपकी शादी
- आपका यौन शोषण
- आपसे रोज़गार करवाना
- आपको चोट पहुँचाना या किसी भी तरह से आपको नुकसान पहुँचाना

यदि आप, या आपके दोस्त को कोई भी खतरा है, आप इन फ़ोन नंबर पर तुरंत कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकते हो:

- पुलिस स्टेशन (100 पर कॉल करें)
- चाइल्ड लाइन (1098 पर कॉल करें)
- बचपन बचाओ आंदोलन की शिकायत सेल (1800-102-7222 पर कॉल करें)

यदि आपको ऐसी घटना का सामना करना पड़ा है, तो शिकायत दर्ज कराने के अलावा, आपको खुद को याद दिलाना होगा कि यह आपकी गलती नहीं है और आप बहुत अच्छे हैं!

और यदि आपके किसी जानने वाले ने ऐसी घटना का सामना किया है, तो शिकायत दर्ज कराने के अलावा, आप उन्हें पहले जैसा होने के लिए समय दें, कोई दबाव न डालें, उनके साथ रहें, और बहुत पूछताछ ना करें।

अगर हम सभी एक दूसरे का साथ देंगे, तो किसी भी बच्चे को फिर कभी ऐसी घटना का सामना नहीं करना पड़ेगा।

बहुत सारा प्यार,
दबंग गर्ल





# रंग भरें


मुझे अलग-अलग रंग
के कपड़े पहनने बहुत पसंद हैं|
क्या आप मुझे सुझाव दे सकते
हो मेरे कपड़ों के लिए
नए रंगों का?



**लेखक:** सौरभ अग्रवाल और अभिषेक सिंह

**संपादक:** निवेदिता चोपड़ा और पूरवी राय

**चित्रकार:** मोना सिंह

**डिजाइन परिष्करण:** अभिश्री मित्तल

**कुछ विशेष लोगों को धन्यवाद:**
श्री कैलाश सत्यार्थी, बिधान चंद्रा, राकेश सेंगर, ज्योति माथुर, ओम प्रकाश, निहारिका चोपड़ा, अभिषेक मित्तल, अनंत सिंह, नेहा अग्रवाल, रुचि हजेला, अपाला चव्हाण, पूजा शर्मा, रोहित पांडे, एन इपेन, नीलम पोल, विपुल सहगल, अभिश्रेय मित्तल, कमलाकांत पाठक, सारा बेनबदल्लाह

**अस्वीकरण:**
इस पुस्तक की कहानी एक काल्पनिक रचना है। इस कहानी के सभी पात्र, उनके नाम और घटनाए काल्पनिक है, इसका किसी भी व्यक्ति या घटना से कोई संबंध नहीं है। यदि किसी भी जीवित या मृत व्यक्ति से समानता पाई जाती है तो ये मात्र एक संयोग होगा।

यह पुस्तक यौन शोषण की घटनाओं से निपटने के लिए किसी विशेषज्ञ दिशा-निर्देश / सलाह को स्थानापन्न करने या उनके नतीजों से निपटने के उद्देश्य से नहीं है। यौन शोषण से संबंधित मामलों में प्रासंगिक कानून अधिकारियों और स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदाताओं से परामर्श करना चाहिए।

डीपर लर्निंग इन्नोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित।
Copyright © 2020 Deeper Learning Innovations Pvt. Ltd. All Rights Reserved. No part of this book may be used or reproduced in any manner whatsoever without written permission.
इस पुस्तक का कोई भी भाग, बिना लिखित अनुमति के, किसी भी तरह से उपयोग या पुन: प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है।

अपने प्रश्नों और टिप्पणियों को मेल करें:
reach@DabungGirl.com

वेबसाइट: https://DabungGirl.com

SATYARTHI

KAILASH SATYARTHI CHILDREN'S FOUNDATION

# KAILASH SATYARTHI



Kailash Satyarthi is an Indian social reformer who campaigned against child labour in India and advocated the universal right to education. In 2014, he was the co-recipient of the Nobel Peace Prize, "for their struggle against the suppression of children and young people and for the right of all children to education." He is the founder of multiple social activist organizations, including Kailash Satyarthi Children's Foundation.

## KAILASH SATYARTHI CHILDREN'S FOUNDATION

**envisions a world where all children are free, safe, healthy, receive quality education, and have the opportunity to realise their potential.**

### BAL MITRA GRAM

A flagship programme to prevent all kinds of exploitation of children, and ensuring their education and empowerment in rural communities. The guiding principles of BMG programme include ensuring that all child labourers are withdrawn from work, all children are enrolled in and attend school, children participate in democratic decision making through formation of Bal Panchayats (elected children's council) and ensuring that the Bal Panchayats are recognised by the village council.

### BAL MITRA MANDAL

A sustainable and holistic intervention for child protection and development in urban slum communities so that every child is safe, free and educated. BMM is a preventive intervention.

### MUKTI CARAVAN

Campaign to combat violation of child rights with special focus on child trafficking and child labour by creating awareness among the citizens on these issues. The Mukti Caravan moves across the country, spreading awareness about the organised crime of child trafficking and other forms of exploitation of children through interactions, Nukkad Nataks, wall writings, pamphlet distribution and screening of audio visual material.

info@satyarthi.org | 011 – 47511111 | satyarthi.org.in

लीडर
#DabungGirl

दबंग गर्ल एक भारतीय सुपरहीरो है जो सामाजिक न्याय और लैंगिक समानता की दिशा में काम करती है।

निर्भय
#DabungGirl

@DabungGirl

+91-8287672077

reach@DabungGirl.com

बहादुर
#DabungGirl



वह बच्चों को अपने भीतर के नायक को महसूस करके समस्याओं का समाधान खोजने के लिए प्रेरित करती है।

/DabungGirl

~~मजबूर~~
#DabungGirl

आत्मविश्वासी
#DabungGirl

होशियार
#DabungGirl

~~नाज़ुक~~
#DabungGirl

@dabung.girl

दोस्तों की दोस्त
#DabungGirl

/c/DabungGirl



~~मतलबी~~
#DabungGirl



ज़िंदादिल
#DabungGirl

जिज्ञासु
#DabungGirl

वह बच्चों की कल्पना और आत्मविश्वास को पंख देती है।

हमदर्द
#DabungGirl

DabungGirl.com

An initiative of Deeper Learning Innovations Pvt. Ltd.